आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.02.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. मेड इन इंडिया उत्पादों पर अमेरिका का टैरिफ घटकर अठारह प्रतिशत होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का आभार जताया।
2. खरीद एवं विपणन सहायता योजना के माध्यम से एम एस एम ई को मजबूत बनाने के लिए राजधानी श्री विजयपुरम में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।
3. यात्रियों की सुविधा के लिए अंडमान निकोबार द्वीप समूह में नागरिक उड्डयन निदेशालय ने हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए अस्थायी उड़ान कार्यक्रम जारी किया।
4. वाहन डाटाबेस में लम्बित अभिलेखों को लेकर परिवहन विभाग ने सख्ती की। अब अवैध डीलरों पर होगी कार्रवाई।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अब मेड इन इंडिया उत्पादों पर अमरीका का टैरिफ घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। उन्होंने अमरीका के राष्ट्रपति डनॉल्ड ट्रंप के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया पोस्ट में यह घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से बात करना बेहद सुखद रहा। उन्होंने कहा कि जब विश्व की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और दो बड़े लोकतंत्र मिलकर काम करते हैं तो इससे जनता को लाभ होता है और आपसी लाभकारी सहयोग के अपार अवसर उत्पन्न होते हैं। प्रधानमंत्री ने इस घोषणा के लिए भारत की एक सौ चालीस करोड़ जनता की तरफ से राष्ट्रपति ट्रंप के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का नेतृत्व वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत ट्रंप के शांति प्रयासों का पूरा समर्थन करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे द्विपक्षीय भागीदारी को अभूतपूर्व ऊंचाई पर ले जाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप के साथ काम करने के लिए उत्सुक है।

<><><><><><><>

भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत एम एस एम ई– विकास एवं सुविधा कार्यालय, डॉलीगंज औद्योगिक क्षेत्र, श्री विजयपुरम द्वारा खरीद एवं विपणन सहायता योजना पर आज एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन श्री विजयपुरम में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य एम एस एम ई इकाइयों को सरकारी योजनाओं, विपणन अवसरों तथा वित्तीय सहायता के बारे में जानकारी प्रदान करना

था। उद्घाटन सत्र में सहायक निदेशक प्रभारी जी.के. सिन्हा ने स्वागत भाषण एवं विषयवस्तु की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष एस.आर. शर्मा, ए एन सी आई के अध्यक्ष डॉ. के. चंद्रशेखरन, उद्योग निदेशालय के उप निदेशक मोहम्मद इशाक, एस बी आई के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर रवि शंकर, यू टी एल बी सी के मुख्य प्रबंधक पी.के. उमर फारूक, RSETI एस बी आई के निदेशक सी. राज तथा नाबार्ड के उप महाप्रबंधक राकेश बी. पंगत ने संबोधित किया। तकनीकी सत्रों में सरकारी ई–मार्केटप्लेस (GEM), पी एम एस योजना, बारकोड पंजीकरण तथा एम एस एम ई योजनाओं पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का धन्यवाद प्रस्ताव एम एस एम ई डी एफ ओ तनुज द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक प्रभारी जी के सिन्हा ने कार्यक्रम की उपयोगिता के बारे में आकाशवाणी समाचार से कहा–

<><><><><><><>

नागरिक उड्डयन निदेशालय ने हेलीकॉप्टर सेवाओं से संबंधित एक अस्थायी उड़ान कार्यक्रम जारी किया है। नागरिक उड्डयन निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि यह उड़ान कार्यक्रम अस्थायी है और इसमें बिना पूर्व सूचना के परिवर्तन किया जा सकता है। उड़ान रद्द होने, पुनर्निर्धारण, मार्ग परिवर्तन, उड़ान के ऊपर से गुजरने अथवा देरी के कारण यात्रियों को होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के लिए निदेशालय उत्तरदायी नहीं होगा। कार निकोबार, चौरा, टेरेसा, कच्छाल, कमोर्टा तथा कैंपबेल बे के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएँ सार्वजनिक अवकाश के दौरान निलंबित रहेंगी। इसका कारण इन दिनों कार निकोबार हवाई अड्डे पर वायु यातायात सेवा सुविधाओं का उपलब्ध न होना बताया गया है। निदेशालय ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा से पूर्व अद्यतन जानकारी प्राप्त कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

<><><><><><><>

परिवहन विभाग ने जानकारी दी है कि कई पुराने वाहन विक्रेता अनिवार्य डीलर प्राधिकरण प्रमाण पत्र के बिना प्रयुक्त मोटर वाहनों की खरीद–बिक्री का व्यवसाय कर रहे हैं। इससे वाहनों के स्वामित्व का अनुचित हस्तांतरण हो रहा है और वाहन डेटाबेस में अनेक मामलों में अभिलेख लंबित पाए गए हैं। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वैध डीलर प्राधिकरण प्रमाण पत्र के बिना पुराने वाहनों का व्यवसाय संचालित करना केंद्रीय मोटर वाहन नियम, उन्नीस सौ नवासी का उल्लंघन है। विभाग ने चेतावनी दी है कि बिना डी ए यू सी के प्रयुक्त वाहनों का कारोबार करने वाले व्यक्तियों और प्रतिष्ठानों के विरुद्ध प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम जनता को सलाह दी गई है कि कानूनी और वित्तीय जोखिमों से बचने के लिए केवल वैध प्राधिकरण प्रमाण पत्र धारक डीलरों के माध्यम से ही पुराने वाहनों की खरीद–बिक्री करें।

<><><><><><>

पर्यटन विभाग द्वारा दक्षिण अंडमान तथा मध्योत्तर अंडमान ज़िलों में रात्रिकालीन तारामंडल अवलोकन गतिविधियों के आयोजन के लिए इच्छुक व्यक्तियों एवं खगोल पर्यटन आयोजकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। तारामंडल अवलोकन गतिविधियों के लिए जिन स्थलों पर अनुमति दी गई है, उनमें मध्योत्तर अंडमान ज़िले के मायाबंदर स्थित कर्माटांग समुद्र तट तथा डिगलीपुर का रामनगर समुद्र तट शामिल हैं। वहीं खगोल पर्यटन के लिए दक्षिण अंडमान ज़िले में बर्मानाला का बिडनाबाद क्षेत्र, कोड़ियाघाट का समुद्र तटीय क्षेत्र तथा वाइपर द्वीप का चयन किया गया है। इसके साथ ही यह गतिविधि खगोलीय पर्यटकों, स्थानीय समुदायों एवं वैज्ञानिक संस्थानों के बीच शोध एवं सहयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। इच्छुक आवेदक जो पर्यटकों एवं खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए स्टार गेज़िंग गतिविधियों का आयोजन करना चाहते हैं, वे अपने आवेदन पर्यटन निदेशालय में 10 फरवरी तक जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित अंतर–प्राथमिक विद्यालय फुटबॉल लीग–सह–नॉकआउट टूर्नामेंट 2026 का शुभारंभ आज राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, श्री विजयपुरम में किया गया। इस प्रतियोगिता में दक्षिण अंडमान क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों की कुल बासठ टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि शिक्षा एवं खेल निदेशक विक्रम सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों को मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से दूर रखने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही यह प्रतियोगिता राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने का भी माध्यम बनेगी। प्रतियोगिता के पहले चरण में बालक वर्ग के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कालीकट और राजकीय माध्यमिक विद्यालय, ब्रिचगंज के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें कालीकट की टीम ने 1–0 से विजय प्राप्त की। वहीं बालिका वर्ग में ब्रिचगंज और हम्फ्रीगंज के बीच हुए मैच में हम्फ्रीगंज की टीम ने 5–0 से शानदार जीत दर्ज की।

<><><><><><>

चिनथे लॉन्ग रेंज में 6 फरवरी को सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर एक बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। प्रशासन ने आम नागरिकों से अनुरोध किया है कि जन सुरक्षा को देखते हुए वे फायरिंग रेंज से दूर रहें और सुरक्षा निर्देशों का पालन करें।

<><><><><><>